SOLVAY SA का शीर्षक सहित पत्र

[•] 2022

प्रिय सहकर्मी,

Solvay कर्मचारी शेयर क्रय योजना

आपको नई Solvay कर्मचारी शेयर क्रय योजना ("**योजना**") में शामिल होने के लिए आमंत्रित करते हुए मुझे खुशी हो रही है।

Solvay में, हम चाहते हैं कि कर्मचारी शेयरधारक बनने का अवसर पाकर Solvay की सफलता में भाग ले पाएं। इस योजना की बदौलत हम Solvay समूह में आपके योगदान को पुरस्कृत करने के साथ-साथ आपको Solvay के भावी प्रदर्शन में हिस्सेदार होने का अवसर प्रदान कर पाते हैं।

योजना के अंतर्गत, आप Solvay SA में शेयर खरीद पाएंगे और ऐसा करने से, आपको खरीद के अनुपात में अतिरिक्त शेयर निःशुल्क प्राप्त होंगे।

योजना इस तरह से काम करती है कि आप अपने खरीदे गए प्रत्येक 2 शेयरों पर 1 निशुल्क शेयर के अनुपात में निःशुल्क मैचिंग शेयर प्राप्त करेंगे (कुछ सीमाओं के अधीन)। आपको अपनी शुरुआती खरीद पर एक शेयर भी निःशुल्क मिलेगा तथा आपके द्वारा खरीदे गए शेयरों पर अदा किए गए किसी भी लाभांश का और अधिक शेयरों में पुनः निवेश किया जाएगा। निःशुल्क मैचिंग शेयर और निःशुल्क शेयर 30 सितंबर 2024 को जारी किए जाएंगे।

यह व्यवस्था 12 महीनों तक जारी रहेगी।

आप 5 सितंबर 2022 से 19 सितंबर 2022 तक योजना से जुड़ सकते हैं। योजना से जुड़ना योजना के नियमों के अधीन है, जिसके प्रमुख बिंदु [मार्गदर्शिका] में संक्षेप रूप में दिए गए हैं।

यदि आप योजना से जुड़ना चाहते हैं, तो नामांकन प्लेटफॉर्म की सीधी पहुंच www.Espp.Solvay.comपर पाई जा सकती है (जो 5 सितंबर 2022 से उपलब्ध होगी)।

आगामी हफ्तों में हम योजना के बारे में विस्तार से बताने तथा सवालों के जवाब देने के लिए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों (FAQ) के सत्र आयोजित करेंगे। हम इनमें से किसी एक सत्र में आपके हिस्सा लेने की प्रतीक्षा करेंगे।

आपकी सतत प्रतिबद्धता और सहयोग के लिए धन्यवाद।

भवदीय

[●]